हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 15 जनवरी 2024

04 सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक धोया सीढ़ी मार्ग, सांसद...



06 राम भक्तों ने 22 जनवरी को हर घर दीपोत्सव...





### अयोध्या में भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन जिले में होंगे कई आयोजन

# 'जिले के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित करने व हर घर में दीपोत्सव मनाने आमजन को प्रेरित करें'

**कलेक्टर ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए निर्देश**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 22 जनवरी को अयोध्या मंदिर में प्रस्तावित भगवान श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के समन्वय में जिले में होने वाले विभिन्न आयोजनों को लेकर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर कहा कि राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 16 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रत्येक मंदिर में जन सहयोग से राम कीर्तन आदि का आयोजन कराएं। जिले के समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित करवाने के साथ ही हर घर में दीपोत्सव के लिए आमजन को प्रेरित किया जाए। नगरों तथा ग्रामों में राममण्डलियों को स्थानीय कार्यकम मोहल्लों तथा ग्रामों में आयोजित किए जाने हेतु प्रेरित किया जावे। जिले के मुख्य मंदिरों में टीव्ही स्क्रीन लगाकर अयोध्या के उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था करे। आयोजनों में आमजनों की सहभागिता हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया जाए तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

## शासकीय भवनों पर साज सज्जा और रोशनी करें

जिले के प्रमुख मंदिरों में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन मंदिर समिति के माध्यम से आमजन हेतु आयोजित किए जाए। सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी, 2024 के मध्य विशेष सफाई का अभियान चलाया जाए। सभी शासकीय इमारतों तथा स्कूल एवं कालेजों में साज-सज्जा व रोशनी की जाए।

## प्रतियोगिताओं का करें आयोजन

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि श्रीराम जानकी रंगोली भी बनवाये व कलाकारों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में प्रमुख स्थानो पर गायन प्रतियोगिता करावे एवं गायन प्रतियोगिता भजन मंडली आदि में पुरस्कार रखे जाएं। प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कारों से 26 जनवरी को सम्मानित भी करवाया जाए। कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि साधु संतों को भी आमंत्रित किया जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एसडीएम सत्येंद्र बेरवा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरवडे, प्रभारी पीओ डूडा पवन कुमार फुलफकीर, सहित सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद सीईओ उपस्थित रहे।

## 3 करोड़ के भक्त निवास व एक करोड़ के सामुदायिक मंगल भवन टीन शेड युक्त निर्माण की सांसद ने की अनुशंसा



**नलखेड़ा।** सांसद रोडमल नागर ने नगर में स्थित सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर 3 करोड़ रुपये के भक्त निवास एवं एक करोड़ रुपये के सामुदायिक मंगल भवन टीन शेड युक्त निर्माण की अनुशंसा राज्य सरकार से की है। साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों में सामुदायिक मंगल भवन निर्माण की भी अनुशंसा की गई है। जिनकी शीघ्र ही स्वीकृत होने की संभावना है।

भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर द्वारा मां बगलामुखी मंदिर पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए 3 करोड़ रुपये के भक्त निवास एवं एक करोड़ रुपये के सामुदायिक मंगल भवन टीन शेड युक्त के निर्माण की अनुशंसा प्रदेश सरकार से की गई है। उन्होंने बताया कि सांसद नागर द्वारा जनपद क्षेत्र नलखेड़ा की 37 ग्राम पंचायतों में 11.50 -11.50 लाख रुपये के सामुदायिक मंगल भवन निर्माण की भी अनुशंसा की गई है। जिनके निर्माण से संबंधित ग्रामों में सामाजिक, धार्मिक आयोजन करने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## एनीमिया मुक्त भारत अभियान विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**नलखेड़ा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयरन डेफीशियंसी एनीमिया जागरुकता माह अंतर्गत एनीमिया मुक्त भारत अभियान पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में 2 आयु वर्ग 5 से 10 वर्ष एवं 11 से 19 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी बच्चे अपनी चित्रकारी (पेंटिग) 16 जनवरी को शाम 5 बजे तक कार्यालय विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई सिविल अस्पताल (सरकारी अस्पताल) में जमा करवा सकते हैं। प्रतियोगिता में प्रत्येक आयु वर्ग से प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

## युवाओं और बच्चों में पतंगबाजी को लेकर छाया रहा उत्साह, खूब उड़ी पतंगें



**नलखेड़ा।** नगर का आकाश रविवार को उल्लास के रंगों से सतरंगी दिखाई दे रहा था। नगर में जमकर पतंगबाजी हुई। युवाओं, बच्चों के साथ महिलाएं भी पतंग उड़ाने में पीछे नहीं रहीं। वैसे तो मकर संक्रांति का पर्व सोमवार को मनाया जाएगा, लेकिन युवाओं और बच्चों में पतंग उड़ाने को लेकर उत्साह रविवार को ही छाया दिखाई दिया। खूब पतंगें उड़ी और पूरा आसमान पतंगों के सतरंगी रंगों से सराबोर दिखाई दिया। घर की छतों पर डीजे में फिल्मी गानों की धुन पर थिरकते हुए युवा रविवार सुबह से ही पतंगबाजी का मजा लेते रहे। सुबह से देर शाम तक युवा और बच्चे छतों पर ही डटे रहे। हर तरफ से वो गई....... काटा है....... जैसी आवाजें गूंजती रही। रविवार को युवतियों और महिलाओं में भी पतंग उडाने को लेकर खासा उत्साह देखा गया। पतंग व मांझा लूटने की होड भी गली-मोहल्लों व सडकों पर दिखाई दी। पतंग उड़ाने के दौरान सेल्फी का दौर भी चलता रहा जिसे युवाओं द्वारा हाथों-हाथ सोश्यल मीडिया पर अपलोड किया गया।

### पतंगों की दुकानों पर रही भीड़

सुबह से लेकर शाम तक पतंग की दुकानों पर काफी भीड़ रही। कई दुकानों पर तो पतंग खत्म हो गई, ऐसे में युवा वर्ग पतंगें खरीदने हेतु बाजारों में भटकते दिखाई दिए। देर शाम छतों से रोशनीयुक्त गुब्बारे भी छोड़े गए।

## लोहड़ी महोत्सव में दी गईं मालवी लोक गीतों की प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर की सुप्रतिष्ठित संस्था संगीत जनकल्याण एवं शोध संस्थान समिति कबीर कुटी के कलाकारों द्वारा 13 जनवरी को राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय दिल्ली के शिल्प कुटीर प्रांगण में लोहड़ी महोत्सव अंतर्गत मालवी लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी गईं।



नगर की सुप्रतिष्ठित संस्था संगीत जन कल्याण एवं शोध संस्थान समिति कबीर कुटी प्रतापपुरा के सचिव महेश कुलश्रेष्ठ (आकाशवाणी बी.हाई ग्रैड (मालवी लोक संगीत एवं दूरदर्शन राष्ट्रीय मालवी मटकी लोक नृत्य व भवाई लोकनृत्य कलाकार) के कला दल द्वारा विगत 1 जनवरी से 31 जनवरी तक लगातार पूरे माह मध्यप्रदेश के मालवांचल के मालवी मटकी लोक नृत्य व भवाई लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय, दिल्ली के शिल्प प्रदर्शन आयोजन में अपने 5 सदस्यों के साथ प्रस्तुतियां दी जारही है। इसी बीच 13 जनवरी को राष्ट्रीय शिल्प संग्रहालय दिल्ली के शिल्प कुटीर प्रांगण में ₹लोहड़ी महोत्सव₹ के अंतर्गत मालवी लोकगीतों की प्रस्तुतियां दी गईं। इनके साथ नृत्य में सोनी मालवीय, शुभम वाघेला ओर रवि मौर्य ढ़ोलक, गंगाराम मालवीय हारमोनियम, राहुल मालवीय मंजीरा पर साज संगत कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल व राज्य मंत्री श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश की उपस्थिति में लोहड़ी दहन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अंत मे पंजाब के भांगड़ा लोकनृत्य की प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन किया गया अंत मे सहभोज हुवा। आपको बतादे की कुलश्रेष्ठ का सफर लगातार विगत 15 वर्षों से जारी है। मालवा की लोक कला और संस्कृति के लोक संगीत लोक नृत्यों के संरक्षण, संवर्धन हेतु उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है जिससे कि आज की युवापीढ़ी हमारी लोक संस्कृति को भूले बिसरे नहीं ओर अपने माता-पिता के साथ देश-विदेश में भी अपने नगर का नाम इस विधा का प्रदर्शन कर खूब रोशन करें।

## राज्य स्तरीय इंग्लिश ओलम्पियाड में जिले की छात्रा को मिला सम्मान




**आगर मालवा।** राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश द्वारा सीहोर में 11 एवं 12 जनवरी 2024 को राज्य स्तरीय इंग्लिश ओलम्पियाड वर्ड पॉवर चेम्पियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 2 से 5 के छात्र छात्राओं ने प्रतिस्पर्धा की। इस प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश के 10 लाख छात्रों ने भाग लिया था। इनमें से 208 बच्चों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था, इसमें आगर जिले से भी चार छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले 6 प्रतिभागियों में जिले की कक्षा 2 की छात्रा आरवी पाटीदार प्राथमिक विद्यालय छापरिया ने भी स्थान बनाया। सेमीफाइल में सफल रहने पर छात्रा, को राज्य शिक्षा केन्द्र की एएमडी आर उमा महेश्वरी द्वारा सम्मानित किया गया जिले के दल में देवेश कुमार दुबे के नेतृत्व में प्रेमलता मेघवंशी, प्रियंका सक्सेना, ऋतुबाला जैन,राजकुमार सोनगरा मार्गदर्शक शिक्षक के रूप में तथा याशिका कक्षा 5 , याचिका कक्षा 4, संजना कक्षा 3, आरवी पाटीदार कक्षा 2 प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित रहीं। छात्रा की सफलता पर जिला परियोजना समन्वयक अनिल दामके एवं सहायक परियोजना समन्वयक अकादमिक गंगाराम मेवाड़ा ने छात्रा को शुभकामनाएं दी।

## श्रीराम की भक्ति में नगर हुआ राममय

### प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर मंदिरों में चल रही तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़





अयोध्या में 22 जनवरी को नवनिर्मित भव्य मंदिर में प्रभु श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। जिसको लेकर पूरा भारत उत्साहित होकर अपने अपने हिसाब से इस खुशी के मौके को यादगार बनाने की तैयारी में जुटा है। इसी क्रम में नगर में भी प्राचीन श्री बड़ा राम मंदिर में 22 जनवरी को लेकर भगवान श्रीराम के मंदिर में रंगाई पुताई से लेकर हवन कुंड आदि का निर्माण किया जा रहा है।

22 जनवरी को हवन कुंड में महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। वहीं बाजार मुख्य मार्ग से लेकर मंदिर परिसर तक आकर्षक विद्युत साज सज्जा की जाएगी। ढोल नगाड़े शंख आदि से भगवान श्रीराम की महाआरती का आयोजन किया जाना है। उसके उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। मंदिर के पुजारी वीरेंद्र कुमार बैरागी ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ा सौभाग्य का विषय है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है, उसी को लेकर हम लोग भी उत्साहित हैं और इस भव्य आयोजन के हम अपने नगर में स्थापित श्रीराम मंदिर में इस तरह का भव्य आयोजन करने जा रहे हैं। साथ ही 22 जनवरी को बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में नगर वासियों के शामिल होने की अपील मंदिर पुजारी द्वारा की गई।

## पूर्व सांसद व राष्ट्रीय आदिवासी विकास परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे मां बगलामुखी मंदिर



**नलखेड़ा।** कांग्रेस के पूर्व सांसद, प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय आदिवासी विकास परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर पूजन किया गया। रविवार को भूरिया सपरिवार मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। उनके साथ आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश महामंत्री विक्रमसिंह चौहान भी थे। सिद्धपीठ पर पहुंचने पर भूरिया का पार्षद देवेन्द्र गुप्ता, विपिन पाटनी, मुकेश भिलाला, किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर पाटीदार, पूर्व पार्षद शौकत अली आदि ने स्वागत कर स्मृति चिन्ह के रूप में मां बगलामुखी का चित्र भेंट किया गया।

## मां बगलामुखी के आंगन में श्रीलीला समारोह अंतर्गत हनुमान लीला का किया गया मंचन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा मां बगलामुखी मंदिर पर भक्तिमती शबरी, निषादराज गुहा और हनुमान लीलाओं पर केंद्रित वनवासी लीलाओं का तीन दिवसीय समारोह आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस हनुमान लीला का मंचन किया गया। मां बगुलामुखी मंदिर पर मप्र शासन संस्कृति विभाग द्वारा श्रीराम कथा के चरित्रों पर आधारित श्रीलीला समारोह का शुभारंभ हुआ। प्रथम दिवस शनिवार रात्रि को हनुमान लीलाओं का सजीव मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। जिसमें हनुमान के जन्म से लेकर कई राक्षसों का वध, सो योजन के समुद्र को लांघकर माता सीता का पता लगाना, रावण की लंका को जलाने जैसी लीलाओं का जीवंत मंचन किया गया। कलाकारों के इस मंचन ने उपस्थित बड़ी संख्या में दर्शकों का मन मोह लिया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम मिलिंद ढोके, एसडीओपी पल्लवी शुक्ला, तहसीलदार प्रीति भिंसे, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, मां बगलामुखी के पुजारी गोपालदास पंडा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

### चयनित प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा

## वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरूर डालेंगे हम विषय पर जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा



शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में वोट जैसा कुछ नहीं -वोट जरुर डालेंगे हम विषय पर जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग, राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए युवा मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने तथा 25 जनवरी को 14 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए प्रतियोगिताओं के आयोजन के क्रम में जिले के सभी महाविद्यालयों में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय स्तर की प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी 12 जनवरी को जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में शामिल हुए।

जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान काशवी अखलाक खान बीए प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर अनिता कुमारी शिवलाल दांगी बीएससी तृतीय वर्ष, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर तथा तृतीय स्थान उर्मिला प्रकाश सिसौदिया बीए द्वितीय शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय आगर मालवा की छात्रा ने प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागियों को 25 जनवरी को राज्य स्तर पर आयोजित राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह भोपाल में पुरुस्कृत किया जाएगा। संस्था प्राचार्य डॉ रेखा गुप्ता एवं जिला स्वीप नोडल ओपी विजयवर्गीय के मार्गदर्शन से एनएसएस, स्वीप एवं ईएलसी क्लब प्रभारी डॉ संतोष एस्के के नेतृत्व में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर पर भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत लालूखेड़ी व सुईगांव पहुंची

**नलखेड़ा।** केन्द्र शासन की योजनाओं का वंचितों एवं अपेक्षितों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत लालूखेड़ी व सुईगांव पहुंची, जहां जन-जागरूकता की गतिविधियॉं संचालित की गई तथा पात्र व्यक्तियों को लाभ देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आवेदन प्राप्त किए। योजनाओं में पूर्व से लाभान्वित हितग्राहियों ने अपने अनुभवों को साझा कर शासन की योजनाओ की प्रशंसा की। विकसित भारत संकल्प यात्रा में ग्रामीण इलाकों में आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अत्योदय योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री स्वामित्व, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम, नैनो फर्टलिइजर, अटल पेंशन योजना का लाभ दिलाया जा रहा है।

खबर संक्षेप

## गौ माताओं को तिलगुड़ व चारा खिलाकर मनाया मकर संक्रांति पर्व



**देवास।** श्रीजी बेटी बचाओ-बेटी पढाओं सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मकर सक्रांति पर्व गौशाला में मनाया गया। समिति सचिव घनश्याम मोदी ने बताया कि मेंढकी रोड एवं भीमसी नागुखेडी स्थित गौशाला में गौमाताओं व बछडों को तिलगुड के साथ हरा चारा खिलाया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपसथ्ति अंकिता सिंह, नताशा परमार, चंद्रकांत निमा, अनुराधा नीमा, संतोष पचोरी ने श्री गोविंद गौरक्षा धाम एवं श्री हरिकृष्ण मानव गौसेवा संस्थान में जाकर गौमाता की सेवा की। घनश्याम मोदी ने इस अवसर पर कहा कि भूखे को भोजन कराने के बाद, भोजन करने की परंपरा भारतीय संस्कृति की देन है। पहली रोटी गाय की, क्योंकि गाय हमारी ही नहीं वरन संपूर्ण सृष्टि की माता है। इसलिए हमें मकर सक्रांति, रक्षाबंधन, दीपावली व अन्य त्यौहारों पर दान पुण्य करते हुए गौमाताओं की सेवा करना चाहिए। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण- प्रतिष्ठा होने के शुभ अवसर पर श्री गोविंद गौरक्षा धाम में 251 दीप लगाकर आतिशबाजी की जाएगी। समिति द्वारा नंदानगर में छोटे बच्चों को पतंग व तिलगुड के लड्डुओं का वितरण भी किया गया। उक्त जानकारी समिति मीडिया प्रभारी दिव्या परमार ने दी।

### देववासिनी के सदस्यों ने माता टेकरी के सीढ़ी मार्ग पर की सफाई

# सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक धोया सीढ़ी मार्ग, सांसद सोलंकी ने भी चलाया वायपर

प्रधानमंत्री मोदी के निर्देश का पालन करते हुए संस्था देववासिनी के संवरक्षक सांसद सोलंकी ने संस्था के 150 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ माता टेकरी सीढ़ी मार्ग पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 14 से 21 जनवरी तक देशभर में सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए है। प्रधानमंत्री मोदी जी के निर्देश का पालन करते हुए संस्था देववासिनी के संवरक्षक सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी ने संस्था के 150 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ माता टेकरी सीढ़ी मार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया। संस्था देववासिनी के सचिव महेश चौहान ने बताया की प्रातः 9 बजे संस्था के कार्यकर्ताओ ने माता टेकरी सीढ़ी मार्ग से सफाई अभियान की शुरूआत की ओर सभी कार्यकर्ता शाम 5 बजे तक सीढ़ी मार्ग को झाडू लगाकर एवं वाइपर से धोते हुए सीढ़ी द्वार पर पहुचे।

इस स्वच्छता अभियान में सांसद सहित समस्त कार्यकर्ताओं ने माता टेकरी की सीढिय़ों की सफाई कर पानी से धोया।इस अवसर पर सांसद सोलंकी ने कहा कि हमारे आराध्य देव प्रभु श्रीराम 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के साथ विधिवत रूप से विराजित होंगे। भगवान राम का यह महापर्व पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आव्हान किया है कि हम अपने-अपने क्षेत्र को अयोध्या मानकर जितने भी प्रमुख मंदिर है उनकी साफ-सफाई कर सफाई अभियान चलाएगे। इस आव्हान पर संस्था देववासिनी ने माँ चामुण्डा टेकरी सीढ़ी मार्ग से सफाई अभियान की शुरूआत की है। इसी तारतम्य में संस्था द्वारा सोमेश्वर महादेव,मनकामनेश्वर महादेव, श्री खेडापति मारूती मंदिर, बिलावली महादेव मंदिर में भी सफाई अभियान चलाया जाएगा। माता टेकरी पर चलाए गए सफाई अभियान में संस्था का हर एक सदस्य अपने भी अहम भूमिका निभाई है। सासंद सोंलकी ने अपील की है कि देवास-शाजापुर लोकसभा क्षेत्र में जहां-जहां प्रमुख मंदिर स्थित है। उन मंदिरों पर जाकर आप सभी सफाई अभियान चलाए। हमारे देश में एक बहुत बडा महापर्व होने जा रहा है। इस महापर्व को हम दीपावली की तरह मनाते हुए मंदिरों में विशेष सफाई अभियान चलाए। सांसद सोलंकी ने कहा 21 जनवरी तक यह अभियान निरंतर चलेगा। इस अवसर पर प्रमुख रुप से शंभू अग्रवाल, प्रवीण वर्मा,अजय तोमर, दुर्गेश सिंह खींची, शेखर कौशल, निलेश वर्मा ,भूपेश ठाकुर, गोपाल खत्री, संजय ठाकुर, खिलेश शिंदे, भोजराज सिंह ठाकुर, नीरज सिंह चौहान , मितेश रघुवंशी, संतोष वर्मा, लकी मक्कड़, अनुज शर्मा, अशीष दवे, पंकज सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# आमजन के लिए घातक हो रहा चाइनीज मांझा

### दो दिन में चार घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चाइनीज मांझा लोगों की जान का दुश्मन बना हुआ है। कई कोशिशों के बाद भी प्रशासन चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक नही लगा पाई और परिणाम अब सबके सामने है लगातार घायलों की जानकारी सोशल मीडिया पर फैल रही है। मांझे से बुरी तरह जख्मी लोग उपचार करने विभिन्न स्वास्थ केंद्रों पर पहुँच रहे है। हालांकि बिक्री को लेकर जिला प्रशासन ने काफी दिनों पहले प्रतिबंध की कार्यवाही को लेकर समाचार जारी किया था,लेकिन ये समाचार केवल कागजों पर ही सीमित रह गए अब ऐसा प्रतीत होता है। शहर के लोग घायल हो रहे है।जिसके चलते अब शहर के लोगो मे इस डोर के प्रति भय का माहौल है कुछ लोगो का कहना है कि ऐसे क्षेत्र जहाँ पतंग उड़ती हुई दिखाई दे रही है वहाँ से निकलने में डर लगने लगा है।

शहर के कई स्थानों पर निडर होकर व्यापारी इस डोर को बेच रहे है अब सवाल यह उठ रहा है कि जब आम जनता आसानी से इस व्यापारियों के पास माझा लेने पहुँच रहे है तो इस पर रोक लगाने वाले जिम्मेदार इन तक पहुँच कियौ नही पा रहे है। दो दिनों में 4 लोग की इस मांझे से घायल हो चुके है। आमजनों के घायल होने के साथ बेजुबान पक्षी भी घायल होकर जमीन पर गिर रहे है। समय रहते सख्ती नही की गई तो घायलों संख्या और भी बढ़ सकती हैं। शनिवार को भी एक एक्टिवा सवार व्यक्ति चाइना डोर की चपेट में आने कारण बुरी तरह घायल हो गया। जिसे निजी अस्पताल में ले जाया गया है बता दे कि चाइना डोर के कारण उसकी गर्दन और हाथ की उंगली बुरी तरह से कट गई और उसकी एक उंगुलीं पर टांके लगाए गए।

सिविल लाईन निवासी तुषार 28 वर्षिय तुषार तलरेजा के पिता ने बताया कि उनका बेटा बस स्टेण्ड से अपनी रामनगर स्थित दूसरी दुकान पर एक्टिवा से जा रहा था। जब एबी रोड पर नगर निगम के सामने पहुंचा तो चाइना डोर उसके मुंह पर आ गई। जिसको निकालने की उसने काफी कोशिश की, लेकिन निकालते-निकालते उसकी गर्दन और हाथ की उंगली बुरी तरह कट गई। साथ ही वह गिरने से वाल-वाल बचा। मौके पर कुछ लोगों ने उसको निजी अस्पताल पहुंचा और डॉक्टर्स ने उसकी उगुली व गर्दन पर कई टांके लगाए गये है। पिछले दो दिनों से पतंग की डोर से दो हादसे होने के बाद आखिरकार रविवार को तहसीलदार सपना शर्मा ने कोतवाली पुलिस के साथ शहर की चार से पांच पतंग व मांझे की दुकानों का निरीक्षण किया।

प्रतिबंधित चाइना डोर कहीं पर भी नहीं मिली। शनिवार को एक युवक की गर्दन चाइना डोर से कटी थी। जिसे चार कांटे लगे थे। रविवार को भी बाइक चालक एक युवक का हाथ कट गया। जिसका उपचार जिला अस्पताल में किया गया। तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि किसी भी दुकान पर प्रतिबंधित चाइना डोर नहीं मिली है। हमने कई दुकानों पर चेकिंग की। लेकिन इस प्रकार की कोई हमे नही मिली, मिलने पर कारवाई की जाएगी।

# खेल आयोजनों से खिलाड़ियों को नई ऊर्जा मिलती है: डॉ. आयुषी देशमुख



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खेल के बिना जीवन अधूरा है, खेल से शरीर ही नहीं अपितु मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों में एक नई ऊर्जा मिलती है। उक्त विचार डॉ आयुषी देशमुख ने मुख्य अतिथि के रूप में कही। मध्यप्रदेश सॉफ्टटेनिस संघ सचिव विश्वामित्र अवार्डी ने बताया कि पायोनियर पब्लिक स्कूल मुखर्जी नगर में में 13 से 17 जनवरी 2024 तक होने वाली 20 वीं राष्ट्रीय सीनियर सॉफ्टटेनिस महिला/पुरूष चौंपियनशिप का 13 जनवरी 2024 के उदघाटन समारोह के सम्मानीय अतिथि डॉ आयुषी देशमुख चेयरमैन श्री सतगुरु दत्त धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट इंदौर, महेन्द्र सिंह सोलंकी सांसद देवास शाजापुर लोकसभा, महेश भाई कशवाला अध्यक्ष भारतीय सॉफ्टटेनिस महासंघ एवं विधायक गुजरात, राजू भाई परमार, पूर्व राज्यसभा सांसद, मेडमी मात्सुई सॉफ्टटेनिस फेडरेशन जापान एवं मालवा के कॉमेडी किंग धर्मेन्द्र बिलोटिया के द्वारा सम्पन्न हुआ।

प्रारंभ में अतिथियों द्वारा सॉफ्टटेनिस के फाउंडर स्व. जे. के.खुरादरा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश चौहान, उपाध्यक्ष राजेश यादव, अध्यक्ष देवास विकास प्राधिकरण, विश्वामित्र अवार्डी सुदेश सांगते, संस्था की प्राचार्य हर्षलता शर्मा,कोच गौरव कदम आदि ने किया। स्वागत भाषण राजेश यादव ने दिया।

सांसद सोलंकी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आज भारत में खेलो के लिए प्रधानमंत्री ने इतनी सुविधाएं उपलब्ध कराई है कि खिलाड़ी को अब रोजगार की आवश्यकता नहीं रहेगी। देवास के सॉफ्टटेनिस खिलाड़ी प्रदेश ही अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यहाँ का नाम गौरवान्वित कर रहे हैं। खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ देवास के अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टटेनिस खिलाड़ी अभिषेक परिहार ने दिलाई।

इस अवसर विभिन्न प्रदेशों के सचिव, नरिंदरपाल सिंह पंजाब, हँसमुख वेगड़ा गुजरात, प्रमोद ठाकुर छत्तीसगढ़, आज़म खान उड़ीसा सहित शहर के विभिन्न खेल संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।चौंपियनशिप में 21 राज्यो 450 महिला/पुरूष खिलाड़ी एवं आफिसियल्स भाग ले रहे है।आयोजन समिति द्वारा उदघाटन अवसर पर रंगारंग आतिशबाजी भी की। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय कमेंटेटर डी डी स्पोर्ट्स प्रशांत सिंह सेंगर ने किया।आभार आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश चौहान ने माना।

## सिंधी-पंजाबी समाज ने मनाया लाललोई और लोहड़ी



**देवास।** सिंधी व पंजाबी समाज ने लाललोई, लोहड़ी पर्व उत्साह के साथ मनाया। गुरुद्वारे में सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए वहीं सिंधु भवन ट्रस्ट में सिंधी समाज के लोगों ने लाललोई पर्व उत्साह के साथ मनाया। इस दौरान लोई की पूजा अर्चना कर लोई की परिक्रमा की गई। पंजाबी समाज के लोगों ने ढ़ोल पर नृत्य भी किया। पंजाबी समाज के हरदीप सिंह ने बताया कि लोहड़ी मकर संक्रांति के दिन पहले मनाई जाती है। अग्नी जलाते है इसमें तिल जलाते हैं। इनकी मान्यता है कि जितने तिल जलाते हैं उतने हमने जो पाप किए है वह घट जाएंगे। लोकगीत गाकर लोहड़ी के चक्कर लगाते है। सिंधी समाज भी यह लाललोई पर्व उत्साह के साथ मनाते आ रहा है। समाज के लोग एकत्रित होकर समाज के ब्राह्मणों की उपस्थिति में पूजा करते है और भगवान से कामना करते है कि पूरे विश्व में सुख शांति हो।

# अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर दिख रहा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर जगह-जगह उत्साह का माहौल है। ऐसे में देवास के गली मोहल्ला में रहने वाली समाज की महिलाएं भी प्रतिदिन जय श्री राम के नारों के साथ फेरी निकाल रही हैं। अग्रवाल धर्मशाला स्थित राम मंदिर में प्रतिदिन भजन-कर्तीन कर रही है। महिलाओं द्वारा राम मंदिर से लेकर देवास के गली मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर तक प्रभात फेरी निकाल जाती है, जिसमें 50 से अधिक महिलाओं के साथ बच्चे भी जय श्री राम के उद्घोष के साथ शामिल होते है। महिलाओं ने बताया कि सभी जगह प्रभात फेरी निकल रही है, लेकिन हम कामकाजी महिलाएं हैं। इसलिए हमें शाम को समय मिलता है। इस अवसर पर किरण यादव, यशोदा, गुड्डी बाई, धन्नो बाई, लीला, बसंती, हेमा, ममता, मधु राम मंदिर, मनोरमा, मीना, रूकमा, गीता, प्रेम, भूरी, मन्नो, जन्नो बाई आदि उपस्थित थी।

# राम जन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बागली के माध्यम से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। इसी क्रम में आज की कक्षा के दौरान श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव अंतर्गत शासन के निर्देश अनुसार कार्यशाला में राम जन्मभूमि के आंदोलन के दौरान कार सेवा करने वाले कार सेवक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघ चालक श्री राम नारायण यादव का नवांकुर समिति के शेखर मराठा एवं संदीप विजवा द्वारा शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ अभिभाषक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संपर्क प्रमुख मुकेश गुर्जर द्वारा राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान किए गए संघर्षो एवं राम जन्मभूमि में मंदिर निर्माण को लेकर आयोजित किए जाने वाली गतिविधियों के बारे में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रफुल्ल पाठक द्वारा जन अभियान परिषद द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान में परिषद की भूमिका तथा किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन महेश सोलंकी द्वारा किया गया। अतिथियों का परिचय प्रवीण जाट ने दिया। आभार राजेंद्र सिंह सेंधव एवं गोकुल राठौर ने माना।

### अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को समारोहपूर्वक मनाएगी भाजपा

# 22 जनवरी तक होंगे धार्मिक आयोजन, होगी जगमग रोशनी





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाना है। इस संबंध में भाजपा कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें आयोजन के संबंध में दिशा निर्देश दिए बैठक में कार्यकर्ताओं को बताया गया कि 14 जनवरी से 21 जनवरी 2024 तक अपने क्षेत्र के सभी मंदिरों, देवस्थलों में स्वच्छता अभियान चलाना है। इस अभियान में भाजपा सरकार के मंत्रीगण, सांसद, विधायक, समस्त जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा के केन्द्र, प्रदेश, जिला, मण्डल स्तर के पदाधिकारी पूर्ण रूप से सहभागी बनेंगे। 22 जनवरी को सभी मंदिरों तथा धर्मस्थलों में साज-सज्जा, रांगोली विद्युत रोशनी, दीप प्रज्वलन किए जाएंगे। उत्साह और उल्लास के साथ ढोल-ढमाके मजीरों को बजाते हुए भव्य महाआरती की जाए। रात्रि में आतिशबाजी हो एवं महाप्रसादी बांटने का आयोजन किया जाए। इस कार्यक्रम में समस्त भाजपा के जनप्रतिनिधि, समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा सामाजिक बंधुओं का शामिल होना सुनिश्चित करें। 22 जनवरी से 25 मार्च 2024 तक श्रीराम मंदिर दर्शन हेतु आयोध्या जाने के लिए पंजीयन आरंभ करना है एवं सूची बनानी है। दर्शन यात्रा स्वयं के व्यय से होगी, यह रामभक्तों को बताना है। 23 जनवरी से 10-10 रामभक्तों की सूची बनानी है, जो 8 दिवस तक सेवा कार्य कर सकें। दर्शन करने के पश्चात लौटने पर रामभक्तों का स्वागत करने के साथ ही महाप्रसादी का वितरण करना है और दर्शन के अनुभवों को सुनाना है। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, लोकसभा विस्तारक अशोक यादव, जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक मनीष सोलंकी, जिला महामंत्री पोपेंद्र सिंह बग्गा, पंकज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेश जोशी, विकास गिरी विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मनीष सोलंकी ने किया व आभार विकास गिरी ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र चौधरी व सह जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# चापडा शिशु मंदिर में हुआ वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विद्या भारती मालवा ग्रामीण शिक्षा नर्मदा ग्राम भारती शिक्षा समिति हाटपीपल्या द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर चापड़ा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रचलित कर किया गया। छात्र छात्राओ के द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुति के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। छात्र छात्राओं के द्वारा राम- लक्ष्मण, सीता, सबरी तथा रावण अंगद आदि के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अतिथि विधायक मुरली भंवरा,राम नारायण यादव, अध्यक्षता डा .जे सी यादव ने की। विशेष अतिथि धर्मेंद्र सेंधव जिला कार्यवाह, संजय दुबे जिला सचिव, राकेश बचनिया, चुपकेश्वर दुबे, मुकेश गुर्जर, कार्यक्रम में मंचासीन थे। अतिथियों का स्वागत संयोजक राजेश पटेल व मंडल के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकुमार सिंह सेंधव ने किया। आभार संस्था प्रधान विजय सांवलिया ने माना।

## खबर संक्षेप

### युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने किया नमो एप डाउनलोड



**आष्टा।** सीहोर से देवास जाते समय आस्था मोहिनी रेस्टोरेंट पर अल्प समय के लिए युवा मोर्चा कार्यकर्ता की एक बैठक आहूत हुई। जिसमें राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर की। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं के मोबाइल में नमो ऐप डाउनलोड करी युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद का कर्म जोशी के साथ स्वागत किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मनीष धारवा, निलेश खंडेलवाल, बसंत पाठक, पंकज नाकोड़ा, मोहित सोनी, महामंत्री पवन वर्मा, बुल्लू, अमन वर्मा, अनमोल गहलोत, कुलदीप जैन, अवनीश पिपलोदिया, सुमित मेहता, आकाश सुराणा, अनिमेष सोनी, विजय मेवाड़ा, अभिराज ठाकुर उपस्थित थे।

### महाविद्यालय में किया गया सूर्य नमस्कार

**आष्टा।** शहीद भगतसिंह शासकीय स्नातक महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर सूर्य नमस्कार का आयोजन महाविद्यालय परिवार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय प्राचार्य एवं जन भागीदारी अध्यक्ष निलेश खंडेलवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.पुष्पलता मिश्रा ने योग का महत्व बताते हुए छात्र-छात्राओं को कहा कि वर्तमान युग में व्यक्ति बहुत अधिक तनाव में रहता है। अतः योग ही है जो आपको इस तनाव से मुक्त कर सकता है। कुलदीप जाटव के द्वारा सूर्य नमस्कार के 12 आसनों को करवाया गया तथा छात्र-छात्राओं को प्रत्येक आसान के महत्व के बारे में तथा उससे आपको क्या लाभ होगा इसकी संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ललिता राय श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हा योग को अपने दिनचर्या में शामिल करें क्योंकि वर्तमान में प्रत्येक व्यक्ति की जीवन शैली इतनी बदल गई है कि उसे 24 घंटे में एक घंटा भी अपने शरीर के लिए नहीं निकल पाता लेकिन अगर हम आधे घंटे भी नित्य योग करते हैं तो वर्तमान में हम विभिन्न अवसादो से मुक्ति पा सकते हैं।

### नहीं दिख रहा पुलिस का खौफ, आए दिन हो रहे लड़ाई-झगड़े

# सीएम राइज स्कूल के छात्रों के बीच मारपीट, आए दिन हो रहे विवाद





**आये दिन खुलेआम हों रहे लड़ाई झगड़ो से नागरिकों में भय का वातावरण,पुलिस और स्कूल प्रबंधन नही ले रहा लड़ाई झगड़ो को गंभीरता से। अगर इस ओर समय रहते ध्यान नहीं दिया तो किसी दिन बड़ी घटना घटित हो सकती है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शहर में आये दिन खुलेआम लड़ाई झगडे आम बात हो गईं है और आये दिन हो रहे इन लड़ाई झगड़ो से मानो पुलिस का कोई खोफ ही नजर नही आ रहा या कहे पुलिस का इस और ध्यान ही नही है। बीते दिनों नाबालिक युवक युवती के प्रेम प्रसंग के चलते दीन दहाड़े विवाद हो गया तो शहर का कन्नौद रोड़ स्थित सीएम राइज स्कुल तो जैसे गुंडा तत्वों का अड्डा बन चुका हो! यह आये दिन के स्कूली छात्रों के बीच मारपीट, लड़ाई झगड़े हो रहे है अब तो आये दिन हो रहे विवादों से सभ्य नागरिक में अपने बच्चो के लिए चिंता सता रही है और इस स्कूल में पढ़ने जाने वाले अन्य छात्रों के मातापिता में यह डर सता रहा की कहीं उनके बच्चो के साथ कोई घटना ना घट जाए। आपको बता दें की बीते कुछ माह में सीएम राइज स्कूल और मुगली रोड़ स्थित मॉडल स्कूल में छात्रों के बीच कई बार विवाद हो चुके है लेकिनस्कूल प्रबंधन और पुलिस की उदासीनता के चलते यह लड़ाई झगड़े रुकने का नाम ही नही ले रहे हैनागरिकों की मांग हे की शहर में आये दीन खुलेआम हो रहे है लड़ाई झगड़ो को पुलिस गंभीरता से ले नही तो किसी भी दिन यह विवाद बड़े रुप ले लेंगे और कोई बड़ी घटना घट जाएगी। सीएम राइज स्कूल बना गुंडागर्दी का अड्डा, एक सप्ताह में लडाई झगडे की दूसरी घटनासीहोर जिले का सबसे बड़ा सीएम राइज स्कूल जिसमें लगभग 3 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत है। और शिक्षा का यह मंदिर विद्यालय कम पढ़ने वाले छात्रों की गुंडागर्दी का अड्डा ज्यादा बनता जा रहा है हालत ऐसे हो गए है की एक सप्ताह में दूसरी बार यह के छात्रों में जमकर मारपीट और लड़ाई झगड़े हुऐ है इस दौरान सबसे व्यस्ततम मार्ग कन्नोड रोड पर इस स्कूल के होने से लड़ाई झगड़े से भीड़ जमा हो जाती है और जाम की स्थिति पैदा हों जाती है शनिवार को भी यहीं हुआ और इन छात्रों के लड़ाई झगड़ो से ट्रैफिक जाम हों गया!वही स्कूल और पुलिस विभाग इन छात्रों के लड़ाई झगड़ो को गंभीरता से लेता हुआ दिखाई नही दे रहा है लिहाजा लडाई करने वाले छात्रों पर कोइ ठोस स्कूली कार्यवाही या पुलीस कार्यवाही नही होने से एक सप्ताह में दुबारा छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट हो गईं जिसके चलते इन्हे मामूली चोटे भी आईं जिसका उपचार सिविल अस्पताल में करवाया गया। पुलिस और स्कूल प्रबंधन को इन विवादो को गंभीरता से लेने की जरूरत है नही तो भविष्य में किसी भी बड़ी घटना से इंकार नही किया जा सकता। इस मामले में सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान का कहना है कि ऐसा तो कोई विवाद स्कूल में नहीं हुआ है। आज प्री बोर्ड परीक्षा हुई थी उसके बाद छात्र एक साथ निकले हैं।भीड़ शायद उसी की होगी।फिर भी देखता हूं क्या मामला है।

# बिजली बिल की बकाया राशि वसूलने की कार्रवाई

### कनेक्शन काटने के साथ उपकरण किए जब्त



**श्यामपुर।** अवैध कनेक्शन मिलने पर बिजली कंपनी ने की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

वितरण केंद्र श्यामपुर के अंतर्गत विद्युत बिल के बकाया दारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिसमें विद्युत लाइन विच्छेदन के साथ मोटर जपती और लाइन के तार उतारने की कार्रवाई के साथ कुर्की की जा रही है। समस्त विद्युत उपभोक्ताओं से निवेदन है कि अपने विद्युत बिलों की बकाया राशि का समय पर भुगतान करें व अप्रिय कार्यवाही से बचें। बिल वसूली कार्रवाई सतत जारी रहेगी। इस कार्रवाई में इसके अतिरिक्त विद्युत कनेक्शन की सघन जांच की जा रही है। जिसमें अवैध रूप से विद्युत का उपयोग पाए जाने पर उपयोग विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के प्रकरण दर्ज किया जा रहे हैं। कनेक्शन में अनियमित संबंधी धारा 126 में प्रकरण दर्ज किया जा रहे हैं। बकाया राशि के कारण अस्थाई रूप से विच्छेद लाइन पर जांच में लाइन पर जांच में अवैध रूप से उपयोग पाए जाने पर धारा 138 में प्रकरण दर्ज किया जा रहे हैं। इस कार्रवाई में सीहोर से जांच दल और वितरण के श्यामपुर से अनिल कुमार चौरे, जितेन कुमार वर्मा, सचिन राठौर, सलाउद्दीन खान, अशोक वर्मा, भैया लाल मीणा, दिनेश ठाकुर, अजय मीणा, रवि कुमार गौर, ताजुद्दीन खान, चॉद शाह सहित समस्त विद्युत स्टाफ सम्मिलित हैं।

# पुष्प स्कूल में किड्स-डे पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



पुष्पा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में किड्स डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे, विद्यालय प्रबंधक फादर जुनेडियस टोप्पो, उप प्राचार्या सिस्टर टीना समस्त सिस्टरगण, शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सभी पालकगणों का स्वागत एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम नन्हें-नन्हें बच्चों द्वारा प्रार्थना गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद बच्चों द्वारा शानदार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में शिक्षा के महत्त्व को दर्शाते हुए नाट्य प्रस्तुति दी गयी। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य फादर मेल्विन सीजे ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी बच्चों व शिक्षकगणों की प्रशंसा की। बच्चों में छिपी प्रतिभा को खोजकर उन्हें आगे बढ़ाना ही हमारे विद्यालय का उद्धेश्य है। फादर ने पधारे सभी पालकगणों का आभार प्रकट कर उन्हें धन्यवाद् दिया। अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

# मौसम परिवर्तन के चलते किसानों को सता रही चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

एक पखवाड़े से बढ़ी सर्दी के कारण खेतों में लहलहा रही फसलों पर पाला पड़ना शुरू हो गया है। हालांकि अभी बढ़वार थमने के साथ ही 10 से 15 फीसदी नुकसान की आशंका है। लेकिन बीते सप्ताह जैसे हालात आगामी सात आठ दिन और रहते हैं तो फसलों में अधिक नुकसान की स्थिति बन जाएगी। पाले के कारण गेहूं, सरसों, चना, मसूर, अरहर आदि के साथ ही सब्जी की फसलें भी प्रभावित होने लगी हैं। किसानों का मानना है कि धूप नहीं निकलती है तो उनकी फसल में भारी नुकसान होगा। वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बीएस मेवाड़ा भी फसलों को पाले से बचाने के लिए विभिन्न विधियों को अपनाने की बात कह रहे हैं। यहां बता दें सर्दी चरम पर होती है तब फसलों के लिए समस्या खड़ी हो जाती है। आष्टा में गेहू ,चना, मसूर की फसल लहलहा रही है। गेहूं ,मसूर सहित अन्य फसले खेतों में खड़ी हुई हैं। एक पखवाड़े पहले मौसम का मिजाज ऐसा नर्म होना शुरू हुआ है कि आठ दिन से धूप ही नहीं निकली है। आज दोपहर बाद कुछ देर के लिए हल्की धूप निकली लेकिन इससे कोई विशेष राहत नहीं मिल सकी। इस कारण किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। सर्दी से सरसों की फली के अंदर जहां दाने पड़ गए, उनके नष्ट होने की स्थिति बन सकती है। जिससे पैदावार और गुणवत्ता पर फर्क पड़ेगा।

# कजलास में आयोजित किया सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

स्वामी विवेकानंद की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर जावर सहित पुरे जिलेभर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह सभी स्कूलों में विद्यार्थियों ने योग और सूर्य नमस्कार किया। यही नियमित योग साधकों ने घर और गार्डन में जाकर योग किया। इसके साथ ही शासकीय हाई स्कूल कजलास में 12 जनवरी 2024 को सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समस्त छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों ने भाग लिया संस्था प्रमुख शंकर लाल गुप्ताा, प्राचार्य शोभालसिंह ठाकुर, बृजलाल पेरवाल ,शोभालसिंह दुदानिया ,विनोद मालवीय ,शाहरुख खान, रवि सोलंकी एवं माध्यमिक शाला से गोपाल सिंह ठाकुर, सुभाष शर्माा, लाखन सोलंकी एवं ग्राम के करण सिंह मालवीय ,बाबूलाल जाटव सरपंच, जय सिंह चौरसिया राम सिंह बामनिया, नरहरि बागवान आदि उपस्थित रहे।

# विवेकानंद जयंती पर विद्यार्थी परिषद ने निकाली रैली





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई आष्टा ने स्वामी विवेकानंद जी की 161 वी जयंती एवं युवा दिवस उत्साह के साथ मनाया। इस उपलक्ष में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर में सुभाष चौक से एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया । रैली जो सुभाष चौक नजरगंज से प्रारंभ होकर आष्टा के प्रमुख मार्गो से होती हुई शासकीय शहीद भगत सिंह महाविद्यालय पहुची, जहां रैली का समापन हुआ। आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम ज्ञान की देवी सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीपक जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला संयोजक शुभम व्यास ने स्वामी जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कहा की स्वामी जी ने युवाओं को बड़ा अनमोल संदेश दिया है कि उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता। नगर मंत्री रजत सोनी द्वारा सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। अखिलेश राजपुत ने मंच का संचालन, नगर अध्यक्ष देवेंद्र बागवान ने धन्यवाद प्रेषित किया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के विकास डाबी, आनंद जाट, दीपक जैन, श्याम राजपूत, अभिषेक मलासिया, अंश धारवा, अंश राठौर, भरत सोनी, सुमित बगाना, प्रिंस कुशवाह, सौरभ मंडलोई, प्रियांश सोनी, निर्मित जैन, बाला शर्मा, शिवांश परसाई, मनोयन वोहरा, कुणाल जैन, सौरभ वशिष्ठ, आदित्य जैन, अभिराज पटादा, सर्वेश जाटव, राज मेवाड़ा, श्रेयांश सुराणा, अनमोल गहलोत, अनुराग, पंकज गोस्वामी, यश मेहता, आयुष ठाकुर, कृष्णा राठौर, नरेंद्र मंडलोई, संदीप पटेल, तुषार डूमाने, विशाल धाकड़, सुरेन्द्र राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राम भक्तों ने गांव में घर-घर जाकर दिया न्यौता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



जावर तहसील के ग्राम मेहतवाड़ा में प्रत्येक घर अयोध्या से आए पीले चावल रूपी निमंत्रण भक्तों की टीम ने ढोल धमाके गीत व राम धुन के साथ हर घर तक पहुंचा दिया। ग्राम वासियों ने राम भक्तों का स्वागत बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ किया। जगह-जगह लोगों ने मिठाइयां बाटी प्रसाद वितरण किया। पुष्प वर्षा के साथ कलश पूजन किया। प्रत्येक घर पर बड़े ही भाव के पूजन अर्चन किया गया।

शनिवार को अंतिम दिवस में राम भक्तों की टीम के साथ सैकड़ो की तादाद में ग्राम वासी भी सम्मिलित हुए और घर-घर निमंत्रण दिया। इस कार्य को सुचारू रूप से व व्यवस्थित हर घर नियंत्रण पहुंचाने के लिए विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने बधाई दी और भविष्य में यही एकरूपता एवं धर्म के प्रति जागृति बनाए रखने की अपील की। सभी राम भक्तों के इस प्रयास को साधुवाद दिया।

साथ ही 16 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी देवस्थानों पर साज सज्जा एवं दीपोत्सव मनाया जाए साथ ही राम मंदिर में भंडारे प्रसाद वितरण सुंदरकांड हनुमान चालीसा का पाठ या भागवत कथा द्वारा गांव में राम में वातावरण निर्मित हो ऐसा प्रयास हो और समस्त ग्राम पूरा राम में हो जाए ऐसा निवेदन किया। कार्यक्रम के समापन पर जीवन सिंह, पंकज जैन, शोभाल सिंह आचार्य, राजेंद्र केशव, कृपाल सिंह, मोहन आर्य, मुकेश आर्य, रूपचंद जैन, अके सिंह, धर्मेंद्र पहलवान, शोभाल सिंह, कुलदीप सिंह ठाकुर, सुरेंद्र राठौर, जीवनराज द्रविड़, विजेंद्र केशव, राहुल कुंवर, महेश विश्वकर्मा, कुमेर सिंह एवं जावर प्रखंड प्रभारी एवं विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर मेतवाड़ा के खंड प्रभारी विजेंद्र सिंह बाबा और भी राम भक्त इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

### शांति समिति की बैठक में शिक्षा विभाग को दिए निर्देश, अन्य विभागों को सौंपी जिम्मेदारी

# 26 जनवरी पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छता अभियान सहित राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाए, जिसमें शासकीय एवं प्राइवेट स्कूलों के विधार्थीगण शामिल होकर राष्ट्रीय पर्व को मनाएं।निर्णायक 26 जनवरी पर शासकीय स्कूलों से जुड़े हुए को नहीं लेंगे।स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक व अधिकारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निर्णायक नहीं रहेंगे। अच्छे व्यक्ति को निर्णायक बनाएंगे। कार्यक्रम अच्छा करें। उक्त बातें बुधवार की शाम को तहसील कार्यालय परिसर के बैठक कक्ष में शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने कहीं।गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम श्री राजावत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन और समय पूर्व व्यवस्था के लिए विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत को निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम आनंदसिंह राजावत ने गणतंत्र दिवस के आयोजन स्थल डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ग्राउंड पर आयोजन के विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध मे विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें स्थल की साफ -सफाई, ध्वजारोहण, मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शाल-श्रीफल वितरण, मुख्यमंत्री के भाषण की प्रति, प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, बेरिकेडिंग व्यवस्था, प्राथमिक उपचार, परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की विभिन्न विभागों के माध्यम से की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा कर संबंधित विभागों को निर्देशित किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को अपने विभाग से संबंधित व्यवस्थाओं की आवश्यक तैयारियों को समय पूर्व सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में तहसीलदार नीलम परसेंडिया, विकास खंड शिक्षा अधिकारी अजबसिंह राजपूत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गजराज सिंह मेवाड़ा, पार्षद हिफ्फजुर्रहमान भैय्या मियां,रवि शर्मा, तेजसिंह राठौर, डॉ सलीम, जाहिद खां गुड्डु, प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान, सीएल पैठारी, विनीत त्रिवेदी, सुनील शर्मा, रामनरेश यादव, बीएस मेवाड़ा, अशोक परसाई,सतीश पंडिया सहित पत्रकार गण व अधिकारी उपस्थित थे।

# स्कूल में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर


होली मेरी को-एजुकेशनल स्कूल ने 12 जनवरी को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सूर्य नमस्कार और स्वामी विवेकानंद जयंती को महत्व दिया गया। इस अवसर पर स्कूल ने बच्चों को योग शिक्षा दी और उन्हें स्वस्थ जीवन के फायदे समझाने का प्रयास किया। स्कूल के प्रमुख ने बताया कि योग बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होता है। इसके अभ्यास से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उनका ध्यान भी सुधार जाता है। होली मेरी को-एजुकेशनल स्कूल की प्राचार्या शीजा के. ने इस कार्यक्रम को सफलता के साथ आयोजित किया। स्कूल ने अपने विद्यार्थियों को स्वस्थ और समर्थ बनाने का संकल्प लिया।


अस्पताल में उपलब्ध फ्री दवाओं की जगह मरीजों को लिखी जा रही उसी तरह के कंपोजिशन के बाहरी इंजेक्शन

# गरीब मरीजों से वसूली जा रही जिम्मेदार डॉक्टर द्वारा फीस और दवाओं के नाम पर मोटी रकम

## सरकार की जनहितैषी स्वास्थ्य योजनाओं को जिम्मेदार लगा रहे चूना, सिविल सर्जन बोले करवाएंगे जांच





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्वास्थ्य सेवाओं को जिले से लेकर ग्रामीण स्तर पर बेहतर बनाने के सरकार के तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। जिसमें सरकारी अस्पतालों में आने वाले गरीब मरीजों को सैकड़ों तरह की दवाओं से लेकर 75 तरह की जांचे फ्री होती हैं। फिर भी जिला अस्पलात में पदस्थ डॉक्टर सरकार की योजनाओं में भी अपना फायदा और मरीजों को आर्थिक नुकसान पहुंचाने में लगे हुए हैं। ताजा मामला जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ योगेश दांगी का है जो जिला अस्पताल के मरीजों को फ्री मिलने वाली दवा और इंजेक्शन की जगह सिर्फ अपने निजी क्लीनिक पर मिलने वाले इंजेक्शन लेने को मजबूर कर देते हैं। और उसके बदले में मरीजों से फीस एवं दवाओं की राशि वसूली जाती है। जहां सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से फ्री इलाज को लेकर बचनबद्ध है। वहीं जिम्मेदार डॉक्टर सरकार की योजनाओं और मरीजों को चूना लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

### ओपीडी में कम निजी क्लीनिक पर देते हैं ज्यादा समय

यदि ओपीडी में मरीजों को देखने के लिए निश्चित किए गए समय और डॉ दांगी के आने जाने के समय की जांच करवाई जाए तो लगभग आधे समय ही सरकारी ड्यूटी पर नजर आते हैं। अधिकतर समय अपनी निजी क्लीनिक पर ही नजर आते हैं जिससे सरकारी अस्पताल में आने वाले मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों या क्लीनिकों का रूख करना पढ़ता है।

### राउंड पर भी निजी क्लीनिक से भर्ती किए गए मरीजों पर रहता है विशेष ध्यान

डॉक्टर दांगी कम समय के लिए ही सही जब जिला अस्पताल की ओपीडी में होते हैं तो अधिकतर समय वार्डों में राउंड पर रहकर अपने ही निजी क्लीनिक से भेजे गए और भर्ती किए मरीजों को देखने में निकाल देते हैं, जिससे अस्पताल में आए नए मरीजों की बीमारी को देखने का मौका कम मिल पाता है और मरीजों को निजी क्लीनिक पर जाना मजबूरी हो जाता है। डॉ दांगी द्वारा निजी क्लीनिक पर आने वाले मरीजों को लिखे जाने वाले एंटीबायोटिक गैस एवं बीमारियों में प्रयोग होने वाले इंजेक्शन जहां सरकारी अस्पताल में मरीजों के लिए फ्री में उपलब्ध हैं। वहीं उन्हें उसी कंपोजिशन के दूसरे इंजेक्शन लिखकर अपनी निजी स्वार्थ के लिए मरीजों पर आर्थिक बोझा डाल रहे हैं जो शासकीय नौकरी में रहते हुए किसी भी डॉक्टर के लिए उचित नहीं कहा जा सकता।

### राजगढ़ में किसी दूसरे मेडिकल स्टोर पर नहीं मिलते यह इंजेक्शन

इसको विडम्बना ही कहा जाए कि मरीजों को लिखे जाने वाले इंजेक्शन सिर्फ डॉ योगेश दांगी की क्लीनिक में संचालित होने वाले मेडिकल स्टोर पर मिलते हैं शहर के किसी और मेडिकल स्टोर पर नहीं मिलते। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि सरकारी नौकरी के बाद भी चंद डॉक्टर अपने फायदे के लिए सारे हथकंडे अपनाते है उन्हें गरीब मरीज की आर्थिक स्थिति से उनका कोई लेना देना नहीं होता। शायद तभी सरकारी इंजेक्शनों का उपयोग मरीजों के उपचार में कम किया जा रहा है।

### जांच करवाएंगे

इसके बारे में संबंधित से पूछना पड़ेगा और यदि जरूरत हुई तो जांच करवाएंगे।

**डॉ पीके जैन,** प्रभारी सिविल सजृन

### दूसरी जगह चले जाते हैं...

मरीजों को यदि दो दिन में फायदा नहीं दिखता तो वह दूसरी जगह चले जाते हैं, इसलिए हमें बाहर के इंजेक्शन का उपयोग भी करना पड़ता है।

**डॉ योगेश दांगी,** राजगढ़

# सरपंचों ने समस्याओं को लेकर मंत्री को सौंपा मांगपत्र

## जनपद पंचायत में हुई सरपंच संघ की बैठक में मंत्री टेटवाल बोले- विधानसभा के विकास के लिए साथ मिलकर करेंगे कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सरपंचों का दुख मैं समझता हूं, हर समस्या का हल कराने के लिए तत्पर हूं। आप सभी 98 पंचायत के सरपंच, 2 सारंगपुर और पचोर परिषद अध्यक्ष तथा एक मैं, हम सब मिलकर 101 है और विधानसभा के विकास के लिए काम करेंगे।

मैंने कल जिला पंचायत की बैठक में कह दिया है कि अब सारंगपुर को कोई भी बेचारा मत समझना, मैं सारंगपुर की लड़ाई लडूंगा। ग्राम पंचायतों को और मजबूत बनाया जाएगा। सरपंचों की समस्याओं को भी दूर किया जाएगा। जिला स्तर की जो समस्या है इसको लेकर अधिकारियों को पत्र लिखेंगे और प्रदेश स्तर की समस्या के लिए पंचायत मंत्री से मिलकर समाधान कराएंगे। उक्त बात सरपंच संघ की ओर से जनपद पंचायत सारंगपुर सभाग्रह में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित मप्र शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री एवं सारंगपुर विधायक गौतम टेटवाल ने सरपंच संघ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार पंचायतों को मजबूत बना रही है। और आगे उन्होंने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया।

### सरपंचों ने रखी यह समस्या, निदान की रखी मांग

समस्या रखते हुए 7 सूत्रीय मांगे रखी। उन्होंने कहा कि मप्र शासन के द्वारा रोजगार सहायक के स्थानांतरण होने की निति लागू हो गई है जो कि रोजगार सहायकों के स्थानांतरण होने के आदेश तत्काल प्रदान किये जाए, ग्राम पंचायतो में सुधुर सड़क, स्टापडेम, चेकडेम, नवीन तालाब स्वीकृत किये जाए। वृद्धावस्था पेंशन में बीपीएल पात्रता समाप्त हो और नवीन बीपीएल बनाने के आदेश दिए जाए, पशु सेट निर्माण व्यवस्था लागू हो, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, पटवारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्कूल स्टाप सभी कि उपस्थित पर सरपंच के हस्ताक्षर से हो, आंतरिक मार्ग की योजना पूनरू चालू की जाए, हितेषी कुप निर्माण प्रति एक ग्राम पंचायत में संख्या बड़ा कर 10 की जाए तथा खाद्यन्न पात्रता पर्ची जारी कराई जाए। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा जिला प्रभारी निर्मल जैन, जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल सिंह पंवार, मंडल अध्यक्ष सतीश बैस, घनश्याम नागर, जपं सीईओ प्रमोद कुमार सिंह आदि मंचासीन थे।

# राम भक्तों ने 22 जनवरी को हर घर दीपोत्सव मनाने किया आग्रह

## विहिप, बजरंग दल एवं दुर्गावाहिनी की टोली पहुंची द्वार-द्वार



**राजगढ़।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन होना है। इस एतिहासिक दिवस को दीपावली की तरह मनाने विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गावाहिनी से जुड़े युवक-युवतियां घर-घर, द्वार-द्वार पहुंचकर लोगों से आगृह कर रहे हैं। रामभक्तों की यह टोली स्थानीय फलौदी कॉलोनी, बालाजी नगर, शिवप्रताप नगर के घरों में पहुंची और वहां अक्षत वितरण किया। लोगों से आगृह किया गया कि 22 जनवरी को अपने-अपने घरों को दीपों से सजाएं, रंगोलियां बनाएं, हनुमान चालीसा का पाठ करें व सुविधा अनुसार अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न करवाएं। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष तेजेंद्र उपाध्याय, जिला कोषाध्यक्ष बृजकिशोर अनंत, जिला सत्संग प्रमुख पं. गगन दुबे, पंडित अमित तिवारी, हरीश सेन, सागर मेवाड़े, संतोष सिंह राणा, मुस्कान भलवाला, हर्षिता नारोलिया, रुचि प्रजापति, हर्षित मेवाड़े, प्रणव सिंह राणा, साहिल मेवाड़े सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में किया सूर्य नमस्कार का आयोजन

**जीरापुर।** उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी सहित जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी और छात्रों की उपस्थिति में दूरभाष टेलीविजन के माध्यम से सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव का संदेश का प्रसारण सुना। योग शिक्षिका संतोष विश्वकर्मा एवं योग प्रभारी गोवर्धनलाल वर्मा , अरविंद बंसल द्वारा योग अभ्यास करवाया गया। विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिदिन प्राणायाम एवं योग क्रिया स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है इसे नियमित करना चाहिये योग से शारीरिक पीड़ा समाप्त होती है। **योग के कार्यक्रम में पूरे समय विधायक दांगी ने योग किया:** इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विष्णुसिंह पवांर, ईश्वरसिंह तोमर,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, तहसीलदार आरपी सिंह, बीईओ जगदीश बैरागी, बीआरसी गजेन्द्र शर्मा, उत्कृष्ट प्राचार्य विनोद कुमार चौधरी सहित स्टाफ जनप्रतिनिधि एवं छात्र उपस्थित रहे।

# राज्यमंत्री टेटवाल ने नगरीय क्षेत्रों के विकास कार्यों का किया भूमि पूजन



**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर द्वारा शनिवार को नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में विकास कार्यों का भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार, मप्र शासन भोपाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज ललित पालीवाल की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 16 सुदर्शन नगर में गोपाल सोनी के मकान से राधा कृष्ण मन्दिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य एवं वार्ड क्रमांक 17 तारागंज में मुख्य मार्ग से गुप्तेश्वर मन्दिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक. 15 कस्तूरबा छात्रावास के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लगभग राशि 25 लाख के निर्माण कार्यो का भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर मंत्री गौतम टेटवाल द्वारा कहा गया कि हम नगर सारंगपुर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे तथा नगर में अधिक से अधिक विकास कार्यों हेतु नगरपालिका को शासन से राशि प्रदाय हेतु प्रयत्न करेंगे । इस दौरान निर्मल जैन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना पार्षद सुनील राधेश्याम बागवान, कमल शर्मा, आशुतोष वैध, रमेश पुष्पद कंपू, सिदधुलाल पुष्पद, गोपालपाल, कुलदीप राठौर, भानुसिंह लववंशी, योगेश महेश्वरी, प्रदीप पंवार सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में भाग लिया

# स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े युवा : मंत्री नारायण सिंह

**ब्यावरा।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शुक्रवार को उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार पहुंचे। स्कूल प्रबंधन के द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पंडित अमित शर्मा, भाजपा वरिष्ठ नेता रामनारायण दांगी, जनपद अध्यक्ष जगदीश गुर्जर, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंदन अग्रवाल, भाजपा नेता राजू यादव सहित युवा साथी उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिभा पर माल्यार्पण कर किया नमन

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा दिवस के रूप में स्थानीय नगर पालिका परिसर में स्वामी की मूर्ति पर माला पहनकर स्वामी विवेकानंद अमर रहे नंद के आनंद की जय विवेकानंद की ऐसे युवाओं द्वारा जय घोष किया गया।

### राज्यमंत्री पंवार ने युवाओं को दिया संदेश

विद्यार्थियों और युवाओं से संवाद करते हुए राज्यमंत्री पंवार ने कहा कि जब भी हम स्वामी विवेकानंद का नाम लेते हैं तो अपने आप हमें एक ऊर्जा से सराबोर अलौकिक चेहरा अपनी आंखों के सामने नजर आता है। स्वामी विवेकानंद ने जो सपना देखा था, आज वह साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में दुनिया देख रही है कि भारत आज पूरे विश्व में अपनी साख एवं धाक बना रहा है। शारीरिक व्यायाम और योग हमें प्रतिदिन करना चाहिए, क्योकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम कोलवा व पोचनेर में लगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल







विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले की जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में शिविरों का दौर लगातार जारी है। इसीके तहत रविवार को जनपद पंचायत कालापीपल की ग्राम पंचायत कोलवा एवं पोचनेर में शिविर में विधायक घनश्याम चंद्रवंशी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित भी किया गया। शिविर में आमजनों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीण जनों को देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दिलाया गया। शिविर के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के अलग-अलग स्टॉल भी लगाए गए थे।

इस अवसर पर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का प्रसारण किया गया। प्रचार रथ में एलईडी द्वारा केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। कृषि विभाग द्वारा ड्रोन का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को तकनीकी के माध्यम अपनी फसलों में कीटनाशक व अन्य दवाई छिड़कने की आसान विधि से अवगत कराया।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की सायंकालीन राम जागरण फेरी शुरू



**नरसिंहगढ़।** प्रखंड नरसिंहगढ़ में नगर नरसिंहगढ़ सहित ग्राम इकाईयो में भी राम जागरण सायाकालीन फेरी निकल जा रही है। नगर के उन स्थानों से उन गलियों से जहां तक आज तक कोई धार्मिक यात्रा कोई शोभा यात्रा नहीं निकली न्यास के कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसे स्थान पर भी भजन कीर्तन करते हुए समाज में एक भक्ति भाव का वातावरण बने सभी रामजी के आदर्श को धारण करें नगर में एक धार्मिक वातावरण स्थापित हो। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम जी के मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा से पहले सभी मंदिर नगर के मोहल्ले के चैक चैराहे की सफाई सजा सजावट हो समाज से ऐसा भी निवेदन किया जा रहा है।

कलेक्टर और एसपी ने बुरे व अवैध कार्यों में लिप्तजनों को दी समझाइश

# आपराधिक प्रवृत्ति की दिशा बदलने कड़ियासांसी में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-पीपल्या रसोडा






जिले में कुछ गांव ऐसे हैं जिनमें निवासरत लोग दशकों से अवैध शराब के कारोबार सहित अन्य तरह के अपराधों में लिप्त हैं। जिले के ऐसे ही सांसी समाज बाहुल्य कड़ियासांसी ग्राम में शनिवार को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से विशेष तरह का शिविर आयोजित करवाय गया। शिविर में मौजूद कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने लोगों से संवाद किया। अधिकारीद्धय ने अपने-अपने उद्धबोधनों में सांसी समाजजनों को बताया कि वे गलत एवं अवैध कामों को छोड़ें। अन्य प्रकार के रोजगार स्थापित करने में प्रषासन उनकी पूरी मदद करेगा। शासन की अनेकों ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ लेकर कोई भी व्यक्ति छोटा, बड़ा कारोबार कर सकता है। अधिकारियों ने समाजजनों से कहा कि कारोबार करने के लिए अगर शासन की सब्सिडी वाली योजनाओं से आपको अल्प ब्याज पर ऋण आदि भी उपलब्ध करवाया जाएगा।

इस मौके पर उपस्थित विधायक मोहन शर्मा, जिला पंचायत सीईओ अक्षय तेम्रवाल ने भी सांसी समाजजनों को बताया कि वे किस तरह से अपना और अपने बच्चों, युवाओं का जीवन बदल सकते हैं। अपराधों को छोड़कर कैसे एक अच्छा कारोबार कर अपना और आने वाली पीढ़ी का जीवन बेहतर बना सकते हैं।

### बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की दी समझाइश

कलेक्टर दीक्षित ने सांसी समाजजनों से कहा कि आप अपने बच्चों को शिक्षित कीजिए। अगर बच्चे पहले से पढ़ रहे हैं तो उन्हें उच्च शिक्षा दिलवाईये, ताकि वे उच्च पदों पर आसीन हो सकें। अगर बच्चे, युवा अच्छे कामों से जुड़े, अफसर बनेंगे तो समाज का नाम बढ़ेगा और गांव के नाम पर लगा अपराध का कलंक भी दूर होगा।

### देह व्यापार से जुड़े गांवों में भी लगेगा शिविर

नरसिंहगढ़ क्षेत्र में कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां की महिलाएं देह व्यापार से जुड़ी हैं। सालों से ये महिलाएं अपना और परिवार का पेट पालने के लिए इस अनैतिक से संलग्न हैं। इन गांवों में भी आने वाले दिनों में शिविर लगाए जाएंगे व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। महिलाओं को आजीविका मिशन के जरिए योजनाओं का लाभ दिलवाया जाएगा। महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें अचार, पापड़ व अन्य दूसरे काम करने जो भी मदद हो सकेगी, वह दिलवाई जाएगी।

### इन गांवों में भी लगेंगे ऐसे शिविर

जिले के पचोर एवं बोड़ा थानाक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गुलखेड़ी, हरिपुरा, कंजरपुरा, नई दिल्ली सहित कुछ अन्य गांवों में रहने वाले अधिकांश लोग बुरे एवं गलत कामों से जुड़े हुए हैं। अधिकतर लोग अवैध, कच्ची शराब का कारोबार करते हैं। यह शराब आमजनों के लिए बहुत ज्यादा घातक होती है। उक्त ग्रामों के कुछ लोग लूट, डकैती जैसे बड़े अपराधों में भी लिप्त हैं।

### युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ेंगे

अवैध शराब व अन्य अपराधों में लिप्त युवाओं को खेल गतिविधियों से भी जोड़ा जाने की पहल पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है। कटारियाखेड़ी एवं नई दिल्ली में व्हॉलीबॉल, हरिपुरा में ऐथेलेटिक्स, गुलखेड़ी में फुटबॉल, हुलखेड़ी में कबड्डी, कड़ियासांसी में व्हॉलीबॉल, सलाई में कबड्डी, कंजरपुरा में व्हॉलीबॉल, माचलपुर में कबड्डी आदि खेल गतिविधियां, प्रशिक्षण करवाए जाएंगे।